रक्तदान शिविर
दिनांक: 20 अप्रैल 2026

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में आज दिनांक 20 अप्रैल 2026 को सामाजिक सरोकारों के निमित्त एक सफल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक डॉ. आनंद सिंह उनियाल के आधिकारिक निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय की विभिन्न इकाइयों– राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। आयोजन में वीरा फाउंडेशन, रुड़की (देहरादून सिटी चैरिटेबल ब्लड सेंटर) का तकनीकी सहयोग रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. सिंह के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "रक्तदाता ही सच्चा जीवन रक्षक होता है। रक्तदान कर हम किसी अजनबी को जीवनदान दे सकते हैं, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।" उनके इस प्रेरक संदेश ने उपस्थित सभी स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों में उत्साह और सेवा-भाव को जागृत किया।

इस शिविर का सफल संचालन NSS कार्यक्रम अधिकारी: डॉ. अनिल कुमार सैनी एवं डॉ. प्राची फर्त्याल, NCC अधिकारी: डॉ. पंकज कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी समन्वयक: डॉ. सूरजपाल सिंह, रोवर्स और रेंजर्स लीडर: डॉ. विकास कुमार रंजन एवं डॉ. नीलम मनोला के नेतृत्व में हुआ। रक्तदान प्रक्रिया में वीरा फाउंडेशन, देहरादून (सिटी चैरिटेबल ब्लड सेंटर) की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें श्री प्रतीक कुमार, सुश्री कविता राणा, श्री साहिल एवं श्री आशीष कनारी शामिल रहे। इनके द्वारा रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न किया गया। वीरा फाउंडेशन और रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जलपान वितरित किया गया। छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी इस रक्तदान शिविर में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिसमें अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह बोरा एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पियूष एवं प्रियांशु की उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम को और अधिक मजबूती एवं सफलता प्राप्त हुई।

इस शिविर में कुल 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। **रक्तदान करने वाले शिक्षक एवं कर्मचारी:** डॉ. अनिल कुमार सैनी, डॉ. नितिन कुमार, श्री रंजीत सिंह, श्री चंदन राम, डॉ. प्राची फर्त्याल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. विकास रंजन एवं डॉ. सूरजपाल सिंह। **रक्तदान करने वाले छात्र-**

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर (ऊधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड

राष्ट्रीय सेवा योजना

Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com

Website- www.gpgcbazpur.in

छात्राएं: अनुज लता, आदित्य पांडे, अनुज वर्मा, अमरीश कुमार, गुंजन, अंकित, अरुण कुमार, संजना सागर, मोहम्मद अयाज खान, एवं अंजलि, ललित मोहन तिवारी।

कार्यक्रम के अंत में डॉ प्राची फर्त्याल ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, शासन पदाधिकारियों एवं सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह शिविर न केवल रक्तदान के महत्व को उजागर करने में सफल रहा, बल्कि समाज में मानवता, सेवा एवं सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

(कार्यक्रम अधिकारी)

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)